# सड़क हादसे में मेडिकल कालेज के 1 डॉक्टर की मौत,3 घायल

**खास बातें**

- सांची से उदयगिरी जाने वाले रोड पर रात में हुआ हादसा
- सांची पुलिस जांच में लिया मामला, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा



नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 फरवरी, बीती देर रात करीब 3 बजे सांची थाना क्षेत्र में विदिशा मेडिकल कॉलेज से जुड़े डॉक्टरों की कार भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई. हादसे में नरसिंहगढ़ निवासी डॉक्टर हर्ष माहेश्वरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार तीन अन्य डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार में एक प्रोफेसर और तीन सीनियर रेजिडेंट सवार थे, जो सांची ओवरफ्लाई क्रॉस कर उदयगिरि की ओर जा रहे थे.**

गुलगांव के समीप मुख्य मार्ग के मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ. मृतक डॉ. हर्ष माहेश्वरी एसआर अर्थोपैडिक मेडिकल कॉलेज आर्थोपेडिक विभाग में कार्यरत हैं. मृतक डॉक्टर हर्ष माहेश्वरी ने करीब 2 से 3 माह पूर्व ही विदिशा मेडिकल कॉलेज में ज्वाइन किया था. बताया जा रहा है कि वाहन स्वयं डॉ. हर्ष माहेश्वरी चला रहे थे. हादसे में घायल डॉक्टरों में डॉ. आशीष, डॉ. विनय और डॉ. संजुल बंसल शामिल हैं, जिन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## एनएच-146 पर भीषण सड़क हादसा, दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर



विदिशा, ग्यारसपुर, मानोरा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 146 पर आज दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई. हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना की सूचना मिलते ही 1033 आपातकालीन सेवा के माध्यम से घायल को तत्काल ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है. घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है. सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने बताया कि शुरूआती जांच में ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा के किसी वाहन से टक्कर हुई हो. हादसे में जो घायल हुए हैं उनके बयान लेने के लिए पुलिस को भेजा गया है बयानों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी.

# परिचय सम्मेलन- मंच पर आत्मविश्वास, चेहरे पर मुस्कान, शब्दों में संस्कार की झलक

नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 फरवरी, संस्कार, संस्कृति, संगठन और संघर्ष इन चार स्तंभों पर खड़ा एक ऐतिहासिक सामाजिक आयोजन रविवार को विदिशा के शहनाई गार्डन में साकार हुआ। रघुवंशी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग शिविर न केवल समाज के लिए, बल्कि पूरे अंचल के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरा.करीब 2000 से अधिक सहभागियों की मौजूदगी ने इसे समाज की संगठन शक्ति और एकता का जीवंत प्रमाण बना दिया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या से पधारे महंत और अंतरराष्ट्रीय कथावाचक रघुवंशी समाज के संत रामकिशोर दास जी महाराज मौजूद थे.कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र रघुवंशी ने किया। इस आयोजन में विदिशा जिले के अलावा गुना,अशोकनगर, बैतूल,होशंगाबाद, हरदा, इंदौर, उदयपुरा, सिलवानी, रायसेन, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों से रघुवंशी समाज युवक युवतियों ने मंच से परिचय दिया वही रघुवंशी समाज जन भी के बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे.




## परिचय सम्मेलन मंच पर आत्मविश्वास, चेहरे पर मुस्कान, शब्दों में संस्कार की झलक

सम्मेलन का सबसे सशक्त पक्ष रहा मंच से युवक-युवतियों का परिचय। परिचय सम्मेलन में मौजूद डॉक्टर, इंजीनियर, उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा और अपने भविष्य की मंजिल तलाशते सपनों से भरे चेहरों पर परिचय के दौरान झिझक नहीं थी बल्कि हर परिचय में आत्मविश्वास झलकता दिखाई दे रहा था। सम्मेलन की विशेष बात यह रही कि कई युवतियाँ पहली बार मंच पर पहुँचीं, लेकिन परिचय के दौरान उनमें कहीं भी झिझक नहीं दिखी. संघर्ष के बूते पर मुकाम हासिल करने वाली मध्यम वर्गीय ग्रामीण परिवेश में पली बडी ग्राम बिलराई गांव से डीएसपी पद पर चयनित आरती रघुवंशी ने अपने संघर्ष और सफलता पर समाज की युवाओं को दिशा देते हुए सफलता में भगवान श्री राम के आदर्श, रामायण के साथ-साथ परिवार का बड़ा सहयोग बताया.एक मंच, एक आवाज संगठित समाज ही बदलाव लाता है. इस सम्मेलन की गरिमा तब और बढ़ गई जब मंच पर समाज के संत, न्यायपालिका से जुड़े जज, कार्यपालिका के रूप में विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर और इंजीनियर एक साथ उपस्थित रहे.सम्मेलन के दौरान एक ही मंच पर समाज की प्रतिभाओं का परिचय अपने आचरण और व्यवहार से दिखाई दे रहा था.

## बेहतर सेवाओं के लिए श्री मठाधीश ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**पठारी,** 24 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्री राम महा यज्ञ व श्री राम कथा एवं श्री बालाजी धाम महोत्सव का समापन किया गया. इस दौरान श्री मठाधीश विष्णु दास जी महाराज ने महोत्सव में विशेष सेवाएं देने वाले श्रद्धालुओं, सेवादारों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और भक्तों का सम्मान किया. अजय गढ़ी मयंक नामदेव मित्र मंडली पठारी के तत्वाधान में इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिन्होंने प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया.जिसमें पुलिस विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, पत्रकारों, कैटरर्स, पंडाल व्यवस्था, साउंड सर्विस, जलापूर्ति, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता सेवा, यातायात व्यवस्था सहित अन्य कार्यक्षेत्र में सेवाएं देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रद्धालुओं और सेवादारों का सम्मान किया गया. इस दौरान मठाधीश विष्णु दास जी महाराज ने निस्वार्थ समर्पण भाव से सेवाएं देने वाले सेवादारों की जमकर सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया. वहीं प्रबंधक एडवोकेट जितेंद्र सिंह ठाकुर विदाई ने अजय गढ़ी और मयंक नामदेव की टीम का जमकर सराहना की.

## संत रविदास जयंती पर धूमधाम से निकला चल समारोह

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को शहर में चलसमारोह निकाला गया. यह चलसमारोह श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ हुआ. चलसमारोह के प्रारंभ में संत रविदास जी के चित्र की पूजा, अर्चना एवं आरती की गई. चलसमारोह में आकर्षक बैंड, बाजे शामिल थे. इस दौरान भक्त हाथों में ध्वज पताका लेकर चल रहे थे. वही अखाड़ा में युवा प्रदर्शन कर रहे थे. चलसमारोह में आकर्षक रूप से सजे रथ पर संत रविदास जी के चित्र को विराजित किया गया था. इस अवसर पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा संत रविदास जी की पूजन एवं आरती की गई. चलसमारोह का शहर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों एवं समाजसेवियों द्वारा स्वागत किया गया. इस मौके पर यह चलसमारोह हाजीपुर, बासौदा नाका, छत्री नाका, कस्टम पथ, बड़ा बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट आदि नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर पर पहुंचा.

## इशिका टीम में चयन, शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में दिखाएंगी दमखम



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** खेल के मैदान से विदिशा जिले के लिए एक गौरवशाली खबर सामने आई है. स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल की होनहार खिलाड़ी कु. इशिका मीणा का चयन शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में हुआ है. वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मुख्य अटैकर की भूमिका में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी. यह विश्व कप 1 फरवरी से 3 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली केजवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है. शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में विश्व के 18 देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं. इशिका की इस सफलता के पीछे शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं कोच जितेंद्र सिंह बघेल का कुशल मार्गदर्शन रहा है. इशिका ने न केवल खेल में बल्कि शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. बीपीईएस स्नातक होने के बाद वर्तमान में वे बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से बीपीएड की पढ़ाई कर रही हैं. उनके नाम पहले ही 6 नेशनल सीनियर, जूनियर व सब-जूनियर खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है. स्कूल प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इशिका ने न केवल एक खिलाड़ी के रूप में विद्यालय के बच्चों को प्रेरित किया है. उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव समस्त क्षेत्रवासियों ने उन्हें उज्वल भविष्य और राष्ट्र के लिए स्वर्ण पदक जीतने की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं.

# रामलीला मेले में उमड़ी भारी भीड़, किसी का मोबाइल, किसी का पर्स और चेन हुये गायब



नवभारत न्यूज

**विदिशा, रविवार को अवकाश होने के कारण विदिशा के रामलीला मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित मेला देखने पहुंचे। शाम होते-होते मेला परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बची. भारी भीड़ का फायदा उठाते हुए चोर-उचक्के भी सक्रिय नजर आए. मेले में घूम रहे कई लोगों के मोबाइल फोन और पर्स चोरी हो जाने की शिकायतें सामने आई हैं.**

पीड़ितों के अनुसार भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लग पाई और बाद में मोबाइल व पर्स गायब मिले. कुछ लोगों ने मौके पर ही इसकी जानकारी पुलिस को भी दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी रही, जिसके चलते चोरों को वारदात अंजाम देने का मौका मिला. हालांकि मेले में पुलिस बल की मौजूदगी रही, लेकिन भीड़ के अनुपात में सुरक्षा व्यवस्था कम पड़ती नजर आई. लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके. वहीं, पुलिस ने भी लोगों से सतर्क रहने और अपने कीमती सामान की स्वयं सुरक्षा करने की अपील की है. मेला में पहुंचे विधायक मुकेश टंडन ने व्यवस्थाएं देखी जिस पर पुलिस बल की कम संख्या दिखने पर नाराजगी जाहिर की. मेला चौकी प्रभारी से उन्होंने जानकारी ली तो मालूम चला कि 11 पुलिसकर्मी मेला में तैनात थे लेकिन इतनी संख्या में पुलिस बल नजर नहीं आया तो उन्होंने सभी की परेड कराने की बात कही. जिस पर मेला चौकी प्रभारी ने कहा परेड नहीं हो सकती सभी जवान मेला में डियटी कर रहे हैं.



## बजट के सीधे प्रसारण का सामूहिक रूप से देखा, किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में तथा केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत किए जा रहे केंद्रीय बजट 2026-27 के अवसर पर आज माधवगंज में बजट के सीधे प्रसारण का सामूहिक रूप से अवलोकन किया गया.इस अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल ताम्रकार तीरथ प्रताप सिंह दरबार भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष निरपत सिंह कुशवाहा भाजपा नेत्री मंजरी जैन मुकेश चौकसे दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान बेस नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाह वेत्रवती मंडल के अध्यक्ष प्रशांत खत्री पंकज पांडे ,छत्रपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे.सभी ने एकत्र होकर देश के सर्वांगीण विकास, गरीब-कल्याण, किसान, युवा, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रस्तुत इस बजट को ध्यानपूर्वक सुना. विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत करने वाला है और मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं तथा महिलाओं के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है.उन्होंने प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी को जनहितैषी बजट के लिए बधाई दी.

**प्रतिक्रिया** | **भाजपा ने बताया जनहितैषी बजट, तो कांग्रेसियों ने निराशाजनक**

# बजट पर अपने अपने राग, कुछ हुआ सस्ता तो कुछ को लगे महंगाई के पर

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, संसद में रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया. बजट के बाद मिलीजुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली. जहां भाजपा ने जनता के हित में एवं विकसित भारत की नींव सशक्त करने वाला बताया. तो वही कांग्रेसियों ने आम जनता एवं किसानों के लिए निराशाजनक बताया.**

### बजट से विकसित भारत की नींव होगी सशक्त- विधायक उमाकांत शर्मा



विधायक उमाकांत शर्मा ने संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर बढ़ते राष्ट्र की स्पष्ट दिशा और संकल्प को दर्शाता है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस बजट में किसान, महिला, युवा, उद्यमी, मध्यम वर्ग एवं श्रमिक—समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखा गया है. ग्रामीण भारत से लेकर शहरी विकास तक, समावेशी और संतुलित विकास की झलक इस बजट में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है. देश में निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को नई गति प्रदान करेगा. श्री शर्मा ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, पर्यटन, ग्रामीण विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खेल एवं तीर्थ विकास जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की ठोस रूपरेखा प्रस्तुत करता है.

### बजट में किसानों की हुई अनदेखी- कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी



बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा बजट से किसानों को काफी उम्मीद थी, लेकिन बजट में किसानों की अनदेखी की गई है. बजट में किसानों के लिए कोई नई योजना नहीं है. बजट में गांव, किसानों का ध्यान नहीं रखा गया है. किसान देश की रीढ़ है. बजट से किसान राहत की उम्मीद लगाये हुए थे. लेकिन किसानों को निराशा हाथ लगी है.

### बजट सामान्य एवं ठीक ठाक- अध्यक्ष व्यापार महासंघ



सिरोंज व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बजट को आम जनता के हित में बताया. साथ ही बजट को व्यापारियों के लिए सामान्य बताया. हालांकि उन्होंने कहा कि लोग बजट में इनकम टैक्स में राहत मिलने की उम्मीद लगाए हुये थे, लेकिन बजट में इनकम टैक्स में छूट की सीमा नहीं बढ़ने पर निराशा हुई है.

### बजट से गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं को मिली निराशा-बोहत



पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सुभाष बोहत एवं पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष सुभाषिनी बोहत ने बजट को जनविरोधी बताते हुए कहा केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट देश की बहुसंख्यक आबादी के हितों के विपरीत है. यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, बेरोजगार युवाओं, छात्र-छात्राओं तथा वंचित वर्गों की अपेक्षाओं पर विफल साबित हुआ है. बजट में उद्योगपतियों, कॉरपोरेट वर्ग और निजी पूंजी को बढ़ावा देने की नीति साफ तौर पर दिखाई देती है. जबकि आम जनता को राहत देने वाले ठोस प्रावधानों का अभाव है. उन्होंने कहा कि बजट में महंगाई पर नियंत्रण, बेरोजगारी कम करने, किसानों की आय बढ़ाने, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार पूरी तरह असफल रही है.

### गरीबों, युवाओं के हित में नहीं है बजट - जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी



जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने कहा की यह बजट गरीबों, युवाओं के हित में नहीं है. महंगाई कम करने, रोजगार का कोई उल्लेख नहीं है. सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार, किसान कल्याण, ग्रामीण और शहरी विकास को लेकर जो सपने दिखाए थे, वे सपने आज टूट चुके

### बजट पूर्णत : निराशाजनक - जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष



जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की बजट सरकार के उद्योगपति मित्रों के अनुकूल है. बजट में नौकरी रोजगार नही दिए गए. बजट में किसान का नाम तक नहीं लिया. यह बजट गरीब किसान और गांव में रहने वाले लोगों के समझ से बाहर है. बजट में ना ही एमएसपी की बात है, और ना ही गेहूं, चावल, मनरेगा, ग्रामीण रोजगार की चर्चा है. यह बजट पूर्णत: निराशाजनक है.

### आम आदमी से उद्योग तक— समावेशी बजट विकसित भारत की ओर कदम-सीए अनुशिखा जैन



विदिशा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट स्पष्ट रूप से विकास अनुपालन स्थिरता का संतुलित प्रयास नज़र आता है. कुल बजट आकार लगभग 53.5 लाख करोड़ रखा गया है, जिसमें से ?12.2 लाख करोड़ से अधिक अवसंरचना पर व्यय प्रस्तावित है। यह संकेत देता है कि सरकार दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता दे रही है, जो आने वाले वर्षों में रोजगार, निवेश और कर संग्रह—तीनों को मज़बूती देगा. आर्थिक विकास पर फोकस इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप्स, डिजिटल इकोनॉमी और रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है जो अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करेगा. स्टार्टअप्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर ध्यान भविष्य के करदाताओं और रोजगार सृजन की दृष्टि से सकारात्मक है. इनकम टैक्स नियमों में बदलाब करदाताओं के लिए सकारात्मक संकेत के रूप में सबसे महत्वपूर्ण पहलू इनकम टैक्स ढांचे में सुधार है.

# सर्व ब्राह्मण समाज की जिला बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** श्री मां हिंगलाज चिरोल वाली माता मंदिर पर विदिशा जिले की ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता पं. विष्णु शंकर शास्त्री ने की, यह बैठक पं दीपक तिवारी तथा पं.मानवेंद्र शर्मा द्वारा संपूर्ण जिले के ब्राह्मणों को आमंत्रित कर बुलाई गई थी. सर्वप्रथम बैठक के विषय को पं.दीपक तिवारी ने संपूर्ण जिले में समाज को संगठित करने के लिए पदयात्रा करेंगे. पदयात्रा पंडित दीपक तिवारी तथा पंडित मानवेंद्र शर्मा जी द्वारा अपनी टीम के साथ प्रत्येक तहसील स्तर पर होगी.इस पदयात्रा द्वारा संपूर्ण जिले का रिकॉर्ड मेंटेन करेंगे,ब्राह्मण समाज की जिले में कितनी जनसंख्या है, महिला और पुरुष कितने हैं, जिले में हमारे समाज के कितने युवकद्वयुवती विवाह योग्य हैं,रोजगार के लिए कौन प्रयासरत है, शिक्षा के अधिकार से कौन भटक रहा है, घर की आर्थिक स्थिति क्या है,कोई सदस्य नशे का आदि तो नहीं है. इस पदयात्रा में स्वच्छता की बात करेंगे,नशा मुक्ति की बात करेंगे,सनातन धर्म को मजबूत करने की बात करेंगे,मंदिर में पूजा पाठ संस्कार संस्कृति की बात करेंगे,अन्य समाज के लोगों से आग्रह करेंगे की मंदिर में एकत्रित होकर पूजन आरती के लिए एकत्रित हो, इस पदयात्रा में ब्राह्मणों के सम्मान के लिए हमें संस्कार बनाना चाहिए यह बात करेंगे.



बैठक को लगभग 40 विप्र बंधुओ ने संबोधित किया जिनमें प्रमुख रूप से पंडित प्रतापभान शर्मा, पंडित गिरधर शास्त्री जी, पंडित विनय पांडे जी, पंडित राकेश शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि,पंडित संजय पुरोहित जी,पंडित विनोद शास्त्री जी,पंडित रवि कृष्ण आचार्य जी, पंडित अतुल तिवारी जी, पंडित राजेश दुबे बर्रा, पंडित अजय कटारे,पंडित चीनू भारद्वाज, पंडित राजू अवस्थी, पंडित अवधेश दुबे बड़े भैया, पंडित विवेक शर्मा पंडित दीपक बाजपेई, पंडित सुनील सुशील शर्मा ढोल खेड़ी,बासौदा से पधारे पं संतोष शर्मा जी,पंडित यशवंत दुबे जी,पंडित राम किशोर शर्मा जी,पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री बासौदा, सिरोंज से पधारे पंडित अवध शर्मा,पंडित कैलाश शर्मा,पंडित राजकुमार शर्मा,पंडित राकेश कटारे,पंडित अनिल पुरोहित आदि ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम का संचालन पंडित मनोज शर्मा शास्त्री ने किया तथा आभार पंडित मानवेंद्र शर्मा ने माना. यह जानकारी पंडित दीपक तिवारी ने दी.

## पूजा रही संभाग स्तर पर प्रथम

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद,** ग्राम पट्टन स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय की छात्रा पूजा यादव ने जोन स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया. शिक्षिका किरण चौबे के निर्देशन में पूजा ने पहले ब्लॉक, जिला पर सफलता हासिल की. अब वह राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी.इस उपलब्धि पर बीआरसी ईश्वर शर्मा, प्रधानाध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह, शिक्षक दीपक चंदेलिया, सुनीता सैनी, राहुल राजपूत, शशि यादव, मीना कुशवाह, संदीप सिंह यादव सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.